**पहल :** प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की, परियोजनाओं से जुड़े विभाग एक मंच पर होंगे

# तीव्र प्रगति के लिए गति-शक्ति

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी' के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना का उद्देश्य तीव्र विकास के लिए संबंधित विभागों को एक मंच पर जोड़कर परियोजनाओं को शक्ति और गति देना है। इसके जरिए लॉजिस्टिक्स की लागत घटाने और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयास होंगे।

**केंद्र में भारतवासीः** उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ अगले 25 वर्षों के लिए भारत की नींव रखी जा रही है। भारत के लोग, भारतीय उद्योग, भारतीय व्यवसाय, भारतीय विनिर्माता, भारतीय किसान गतिशक्ति के इस महाअभियान के केंद्र में हैं।

**समग्र शासन का विस्तारः** प्रधानमंत्री ने कहा, यह योजना समग्र शासन का विस्तार है। हमें लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी के साथ कार्गो हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने और क्रियान्वयन को तेज करना है। उन्होंने कहा, विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं को समान दृष्टि से तैयार कर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा।

**विकास का संकल्प :** मोदी ने कहा कि पहले के सालों में विकास कार्यों में सुस्ती के साथ करदाताओं के पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया जाता था और विभाग अलग-अलग काम करते थे। परियोजनाओं को लेकर उनमें समन्वय नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा, यह योजना सड़क से लेकर रेलवे, उड्डयन से कृषि तक प्रोजेक्ट के समन्वित विकास के लिए विभिन्न विभागों को जोड़ता है।

➤ साथ काम करेंगे पेज 13




नई दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। • प्रेट्र

21वीं सदी का भारत पुरानी प्रणालियों और तौर-तरीकों को पीछे छोड़ रहा है। आज का मंत्र है-प्रगति के लिए कार्य, प्रगति के लिए संपत्ति, प्रगति की योजना, प्रगति को प्राथमिकता।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**100** लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत हुई

**04** साल में पूरी होने वाली परियोजनाएं शामिल होंगी इस योजना में

## क्या है योजना

गति-शक्ति योजना रेल और सड़क सहित 16 मंत्रालयों को जोड़ने वाला एक डिजिटल मंच है। इससे बुनियादी ढांचा संपर्क परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकेगा।

## देश को नए युग की ओर ले जाएगा यह अभियान:योगी

गोरखपुर | **मुख्य संवाददाता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'गति शक्ति अभियान' नेशनल इंफ्रास्टक्चर मास्टर प्लान का शुभारंभ हम सबको प्रोत्साहित करने वाला है। यह देश को एक नए युग की ओर ले जाने वाला है। उत्तर प्रदेश ने साढ़े चार वर्ष में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एक बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया है।

सीएम योगी बुधवार को गोरखनाथ मंदिर से पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के लॉचिंग कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अपनी कार्य योजना प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पहले से शुरू की है। पहले से केंद्र सरकार के सहयोग से बहुत सारे ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। स्वभाविक रूप से यह आज की आवश्यकता है। गति शक्ति योजना किसी भी परियोजना के नियोजन, त्वरित स्वीकृति और निर्णय लेने के लिए सिंगल विंडो प्लेटफार्म को उपलब्ध कराने का भी एक सशक्त माध्यम बनने जा रहा है।

➤ पूरा होगा लक्ष्य पेज 16